Estd.:195

# Babasaheb Bhimrao Ambedkar
## Bihar University
## Muzaffarpur (Bihar)-842001

(Website:- www.brabu.ac.in)

*Ref.-* *Date-*

सेवा में,

प्राचार्य,
अंगीभूत एवं सम्बद्ध महाविद्यालय,
बी० आर० ए० बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर।

**विषयः— FYUG (CBCS) Semester-II, Examination 2026 (Session 2025-29) के परीक्षा प्रपत्र भरवाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

उपर्युक्त विषय के सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि UG CBCS Semester-II परीक्षा 2026 सत्र (2025–2029) के पात्र छात्र / छात्राओं के परीक्षा प्रपत्र भरने की तिथि दिनांक **13.07.2026** से **18.07.2026** तक निर्धारित की गई है। सभी महाविद्यालय अपने स्तर से पात्र छात्र / छात्राओं के परीक्षा प्रपत्र UMIS पोर्टल पर दिनांक **20.07.2026** संध्या **04:00** बजे तक अद्यतन करना सुनिश्चित करें।

सभी प्राचार्य से अनुरोध है कि परीक्षा प्रपत्र भरने संबंधी सूचना अपने–अपने महाविद्यालय के सूचना–पट्ट एवं अन्य उपलब्ध माध्यमों से पात्र छात्र / छात्राओं तक आवश्यक रूप से प्रेषित करना सुनिश्चित करें एवं निर्धारित समय–सीमा के भीतर UMIS पोर्टल पर परीक्षा प्रपत्र अद्यतन कराना सुनिश्चित करें।

दिनांक **21.07.2026** तक परीक्षा शुल्क के भुगतान या (RTGS/NEFT) की जमा पर्ची की छायाप्रति, सभी छात्र एवं छात्राओं की सूची के साथ प्रवेश–पत्र शाखा में अनिवार्य रूप से जमा कराना सुनिश्चित करें। यह भी स्पष्ट किया जाता है कि निर्धारित समय–सीमा के भीतर परीक्षा शुल्क का विवरण प्रवेश–पत्र शाखा में जमा कराने वाले महाविद्यालयों के छात्र एवं छात्राओं का ही परीक्षा प्रवेश–पत्र जारी किया जाएगा। इसे अति आवश्यक समझा जाए।

**माननीय कुलपति महोदय के आदेशानुसार।**

परीक्षा नियंत्रक

**पत्रांक** C/522 **दिनांक** 10.7.26

**प्रतिलिपि प्रेषितः—**
विश्वविद्यालय के सभी अंगीभूत / सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य / भंडारपाल (परीक्षा) / कुलपति के निजी सहायक / यू0एम0आई0एस0 कोर्डिनेटर, बी0आर0ए0 बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ।

परीक्षा नियंत्रक

Scanned with OKEN Scanner